This Question Paper consists of 45 questions and 20 printed pages.
इस प्रश्न-पत्र में 45 प्रश्न तथा 20 मुद्रित पृष्ठ हैं।

Roll No. अनुक्रमांक | | | | | | | | | | | | |

Code No. कोड नं. **67/S/A**

SET/सेट **A**

ACCOUNTANCY
लेखांकन
(224)

Day and Date of Examination :
(परीक्षा का दिन व दिनांक) _____

Signature of Invigilators :
(निरीक्षकों के हस्ताक्षर) **1.** _____

2. _____

General Instructions :

1. Answers of **all** questions are to be given in the Answer-Book given to you.
2. **15** minute time has been allotted to read this Question Paper. The question paper will be distributed at **02.15** p.m. From **02.15** p.m. to **02.30** p.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the Answer-Book during this period.
3. Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the Question Paper.
4. Please check the Question Paper to verify that the total pages and total number of questions contained in the Question Paper are the same as those printed on the top of the first page. Also check to see that the questions are in sequential order.
5. For the objective-type of questions, you have to choose **any one** of the four alternatives given in the question, i.e. (A), (B), (C) and (D) and indicate your correct answer in the Answer-Book given to you.
6. All the questions including objective-type questions are to be answered within the allotted time and no separate time limit is fixed for answering objective-type questions.
7. Making any identification mark in the Answer-Book or writing Roll Number anywhere other than the specified places will lead to disqualification of the candidate.
8. Write your Question Paper Code No. **67/S/A-A** on the Answer-Book.
9. The Question Paper is bilingual. In case of doubt, the English version should be considered as authentic.

सामान्य अनुदेश :

1. **सभी** प्रश्नों के उत्तर आपको दी गयी उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।
2. इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए **15** मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण दोपहर में **02.15** बजे किया जाएगा। **02.15** बजे से **02.30** बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।
3. परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।
4. कृपया प्रश्न-पत्र को जाँच लें कि प्रश्न-पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।
5. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में आपको चार विकल्पों (A), (B), (C) तथा (D) में से **कोई एक** उत्तर चुनना है तथा दी गई उत्तर-पुस्तिका में आप सही उत्तर लिखिए।
6. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के साथ-साथ सभी प्रश्नों के उत्तर निर्धारित अवधि के भीतर ही देने हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के लिए अलग से समय नहीं दिया जाएगा।
7. उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा।
8. अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्न-पत्र का कोड नं. **67/S/A-A** लिखें।
9. प्रश्न-पत्र द्विभाषी है। संदेह की स्थिति में, अंग्रेजी संस्करण को प्रामाणिक माना जाना चाहिए।

ACCOUNTANCY
लेखांकन
(224)

Time : 3 Hours] **[Maximum Marks : 100**
समय : 3 घण्टे] **[पूर्णांक : 100**

Note :

(i) This question paper consists of **45** questions in all.

(ii) **All** the questions are **compulsory**. Internal choices are given in some questions.

(iii) Marks are given against each question.

(iv) **Section - A** consists of
Q.No. 1 to **20** that are Multiple Choice Questions (MCQs) carrying **one** mark each. Select and write the most appropriate option out of the four options given in each question. An internal choice has been given in some of questions.

(v) **Section - B** consists of
Objective type questions. **Q.No. 21** to **23** carry **2** marks each and **Q.No. 24** to **29** carrying **4** marks each. Attempt these questions as per the instructions given for each question.

(vi) **Section - C** consists of
(a) **Q.No. 30** to **35** - Very Short Answer type questions carrying **2** marks each to be answered in the range of **30 to 50** words.
(b) **Q.No. 36** to **41 -** Short Answer type questions carrying **3** marks each to be answered in the range of **50** to **80** words.
(c) **Q.No. 42** to **45 -** Long Answer type questions carrying **5** marks each to be answered in the range of **80** to **120** words.

निर्देश :

(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल **45** प्रश्न हैं।

(ii) **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं। कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के सम्मुख अंक दर्शाये गये हैं।

(iv) **खण्ड - क** में
प्रश्न संख्या 1 से **20** तक, प्रत्येक **एक** अंक वाले, बहुविकल्पी प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में दिये गये चार विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन करके लिखिए। कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।

(v) **खण्ड - ख** में
2 अंकों वाले **प्रश्न संख्या 21** से **23** तक हैं तथा **4** अंकों वाले प्रश्न संख्या **24** से **29** तक हैं। प्रत्येक प्रश्न हेतु दिये गये निर्देशों के अनुसार उन्हें हल करें।

(vi) **खण्ड - ग** में :
(a) **2** अंकों वाले **प्रश्न संख्या 30** से **35** तक अति लघु-उत्तर वाले प्रश्न हैं। जिनका उत्तर **30** से **50** शब्दों की सीमा में दिया जाना है।
(b) **3** अंकों वाले **प्रश्न संख्या 36** से **41** तक लघु-उत्तर वाले प्रश्न हैं। जिनका उत्तर **50** से **80** शब्दों की सीमा में दिया जाना है।
(c) **5** अंकों वाले **प्रश्न संख्या 42** से **45** लम्बे उत्तर वाले प्रश्न हैं। जिनका उत्तर **80** से **120** शब्दों की सीमा में दिया जाना है।

SECTION - A / खण्ड - क

1. The convention is based on the principle "Anticipate no profit, but provide for all possible losses". **1**

(A) Materiality (B) Conservatism

(C) Business entity (D) None of these

'लाभ का अनुमान न लगाकर, सभी संभावित हानियों हेतु प्रावधान करें'। इस सिद्धांत पर आधारित परिपाटी है :

(A) सारता (B) रूढ़िवादिता

(C) व्यवसाय इकाई (D) इनमें से कोई नहीं

OR/अथवा

Going concern concept states that a business firm will continue to carry on its activities for a/an :

(A) limited life (B) a very long life

(C) indefinite life (D) long life

चालू व्यवसाय अवधारणा के अनुसार व्यवसाय की क्रियाएँ जारी रहेंगी :

(A) सीमित समय तक (B) बहुत लंबे समय तक

(C) अनंत काल तक (D) लंबे समय तक

2. Which of the following includes in external liabilities ? **1**

(A) Capital (B) Interest on capital

(C) Reserves (D) Sundry Creditors

बाह्य देयताओं के अंतर्गत निम्न में से क्या सम्मिलित होता है ?

(A) पूँजी (B) पूँजी पर ब्याज

(C) संचय (D) विविध लेनदार

3. Accounting does not record non-financial transactions because of : **1**

(A) Entity concept (B) Accrual concept

(C) Money measurement concept (D) None of the above

लेखांकन में गैर-वित्तिय लेनदेनों का लेखा न करने का कारण है :

(A) इकाई अवधारणा (B) उपार्जन अवधारणा

(C) मुद्रा माप अवधारणा (D) इनमें से कोई नहीं

OR/अथवा

Revenue is considered as being earned when :

(A) Commission Received (B) Sale of goods

(C) Interest received (D) Cash received from Debtors

आगम का उपार्जन माना जाता है जब :

(A) कमीशन प्राप्त हो (B) माल का विक्रय हो

(C) ब्याज प्राप्त हो (D) देनदारों से रोकड़ प्राप्त हो

4. Which of the following is **not** included in internal liabilities ? 1

(A) Capital (B) Reserves

(C) Profit of business (D) Bills payable

आंतरिक देयताओं के अंतर्गत निम्न में से क्या सम्मिलित **नहीं** है ?

(A) पूँजी (B) संचय

(C) व्यवसाय का लाभ (D) देय विपत्र

OR/अथवा

Out of the following, which can be recorded in the books of accounts ?

(A) Purchase of Machinery for ₹ 1,00,000

(B) Delay in supply of raw Materials of ₹ 50,000

(C) Conflict between two managers causes a loss of ₹ 1,00,000.

(D) All of the above

निम्न में से किसे लेखा पुस्तकों में अभिलेखित किया जा सकता है ?

(A) ₹ 1,00,000 की मशीनरी खरीदी

(B) ₹ 50,000 के कच्चे माल की आपूर्ति में विलंब

(C) दो प्रबंधकों के बीच मतभेद के कारण ₹ 1,00,000 की हानि

(D) उपरोक्त सभी

5. Following the straight line method of depreciation on particular asset year after year is because of which convention ? 1

(A) Conservatism (B) Materiality (C) Consistency (D) None of these

किस परिपाटी के कारण किसी संपत्ति पर वर्ष प्रति वर्ष ह्रास की सरल रेखा विधि अपनाई जाती है ?

(A) रूढ़िवादिता (B) सारता (C) संगतता (D) इनमें से कोई नहीं

6. Dual aspect concept expressed in terms of fundamental accounting equation : 1

(A) Assets + Capital = Liabilities (B) Assets − Capital = Liabilities

(C) Assets + Liabilities = Capital (D) All of the above

द्विपक्षीय अवधारणा मूलभूत लेखांकन समीकरण के रूप में दृष्टिगोचर होती है :

(A) संपत्तियाँ + पूँजी = देयताएँ (B) संपत्तियाँ − पूँजी = देयताएँ

(C) संपत्तियाँ + देयताएँ = पूँजी (D) उपरोक्त सभी

7. Which of the following is a wasting asset ? 1

(A) Goodwill (B) Machinery (C) Mines (D) Furniture

निम्नलिखित में से क्षयी संपत्ति कौन-सी है ?

(A) ख्याति (B) मशीनरी (C) खदानें (D) फ़र्नीचर

OR/अथवा

Which of the following is **not** an intangible asset ?

(A) Goodwill (B) Trademarks (C) Patents (D) Cash

निम्नलिखित में से अमूर्त संपत्ति कौन-सी **नहीं** है ?

(A) ख्याति (B) व्यापार चिह्न (C) एकस्व (D) रोकड़

8. Valuation of closing stock is considered at lower cost or market value because of : 1

(A) Convention of Disclosure (B) Convention of Conservatism

(C) Convention of Consistency (D) Convention of Materiality

लागत अथवा बाज़ार मूल्य में से कम पर अंतिम स्कंध का मूल्यांकन करने का कारण है :

(A) प्रकटीकरण परिपाटी (B) रूढ़िवादिता परिपाटी

(C) संगतता परिपाटी (D) सारता परिपाटी

9. On the basis of Traditional Classification, accounts are classified into : 1

(A) 2 categories (B) 3 categories (C) 4 categories (D) 5 categories

परंपरागत वर्गीकरण के आधार पर खातों का वर्गीकरण किया जाता है :

(A) 2 श्रेणियों में (B) 3 श्रेणियों में (C) 4 श्रेणियों में (D) 5 श्रेणियों में

OR/अथवा

Harish purchased furniture for ₹ 45,000. Furniture account is :

(A) Debited (B) Credited

(C) Both Debited and Credited (D) Neither Debited nor Credited

हरीश ने ₹ 45,000 का फ़र्नीचर क्रय किया। फ़र्नीचर खाते को :

(A) नाम करेंगे (B) जमा करेंगे

(C) नाम व जमा, दोनों करेंगे (D) न तो नाम करेंगे और न ही जमा करेंगे

10. Which accounts will be affected in case of Rent paid of ₹ 5,000 ? 1

(A) Cash Account

(B) Rent Account

(C) Both Rent Account and Cash Account

(D) None of these

₹ 5,000 किराया भुगतान करने पर कौन सा खाता/खाते प्रभावित होंगे ?

(A) रोकड़ खाता

(B) किराया खाता

(C) किराया खाता व रोकड़ खाता, दोनों

(D) इनमें से कोई नहीं

11. Non cash voucher refers to : 1

(A) Debit voucher (B) Credit voucher

(C) Transfer voucher (D) None of these

गैर-रोकड़ प्रमाणक से अभिप्राय है :

(A) नाम प्रमाणक (B) जमा प्रमाणक

(C) अंतरण प्रमाणक (D) इनमें से कोई नहीं

OR/अथवा

Credit vouchers are prepared for recording :

(A) Cash receipts

(B) Cash payments

(C) Both Cash Receipts and Cash Payments

(D) None of these

जिसके अभिलेखन हेतु जमा प्रमाणक बनाए जाते हैं, वह है :

(A) रोकड़ प्राप्तियाँ

(B) रोकड़ भुगतान

(C) रोकड़ प्राप्तियाँ तथा रोकड़ भुगतान, दोनों

(D) इनमें से कोई नहीं

12. The process of recording transactions in the journal is called : 1

(A) Balancing (B) Posting (C) Journalising (D) None of these

लेनदेनों को रोजनामचे में अभिलेखित करने की प्रक्रिया कहलाती है :

(A) शेष निकालना (B) खतौनी (C) रोजनामचित करना (D) इनमें से कोई नहीं

OR/अथवा

General Journal is also known as :

(A) Purchase book (B) Sales book

(C) Return outward book (D) Journal proper

सामान्य रोजनामचे को इस नाम से भी जाना जाता है :

(A) क्रय बही (B) विक्रय बही

(C) वापसी जावक बही (D) रोजनामचा विशेष

13. "Goods returned by customer". Which two accounts are affected ? 1

(A) Cash Account and Return inward account

(B) Customer account and Return inward account

(C) Customer account and Return outward account

(D) None of these

'ग्राहक द्वारा माल वापसी'। कौन से दो खाते प्रभावित हुए ?

(A) रोकड़ खाता तथा वापसी आवक खाता

(B) ग्राहक खाता तथा वापसी आवक खाता

(C) ग्राहक खाता तथा वापसी जावक खाता

(D) इनमें से कोई नहीं

14. Narration of Journal entry is recorded in the column of : 1

(A) Date (B) Particulars (C) Dr. Amount (D) Cr. Amount

रोजनामचा प्रविष्टि का स्पष्टीकरण जिस स्तंभ में अभिलेखित किया जाता है, वह है :

(A) तिथि (B) विवरण (C) नाम राशि (D) जमा राशि

15. The cash book records : 1

(A) All cash receipts

(B) All cash payments

(C) All cash receipts and cash payments

(D) None of these

रोकड़ बही अभिलेखित करती है :

(A) सभी रोकड़ प्राप्तियाँ

(B) सभी रोकड़ भुगतान

(C) सभी रोकड़ प्राप्तियाँ तथा रोकड़ भुगतान

(D) इनमें से कोई नहीं

16. Which two accounts are involved in "Contra entry" ? 1

(A) Cash account and Capital Account

(B) Cash account and Bank Account

(C) Bank Account and Capital Account

(D) None of these

प्रतिप्रविष्टि के अंतर्गत कौन से दो खाते संलिप्त होते हैं ?

(A) रोकड़ खाता तथा पूँजी खाता

(B) रोकड़ खाता तथा बैंक खाता

(C) बैंक खाता तथा पूँजी खाता

(D) इनमें से कोई नहीं

OR/अथवा

A separate cash book maintained to record small transactions is called :

(A) Simple Cash book (B) Bank Cash book

(C) Petty Cash book (D) None of these

छोटे लेनदेनों के अभिलेखन हेतु रखी जाने वाली पृथक रोकड़ बही, कहलाती है :

(A) साधारण रोकड़ बही (B) बैंक रोकड़ बही

(C) खुदरा रोकड़ बही (D) इनमें से कोई नहीं

17. The page number of the ledger book is posted in : 1

(A) Date Column (B) Voucher No. Column

(C) Ledger Folio (D) Amount Column

खाता बही का पृष्ठ संख्या दर्शाया जाता है :

(A) तिथि स्तंभ में (B) प्रमाणक संख्या स्तंभ में

(C) खाता बही पृष्ठ स्तंभ में (D) राशि स्तंभ में

18. Central Processing Unit (CPU) does not include : 1

(A) Control unit (B) Memory unit

(C) Arithmetic Logic Unit (D) Output unit

केन्द्रीय प्रसंस्करण इकाई में सम्मिलित नहीं है :

(A) नियंत्रण इकाई (B) स्मृति इकाई

(C) अंकगणितीय तार्किक इकाई (D) निर्गत इकाई

19. The commonly used output devices include : 1

(A) Monitor (B) Plotter (C) Printer (D) All of the above

प्राय: प्रयुक्त होने वाला निर्गत उपकरण है :

(A) मॉनीटर (B) प्लॉटर (C) मुद्रक (D) उपरोक्त सभी

OR/अथवा

What is the full form of TPS ?

(A) Transaction Processing System

(B) Transit Process System

(C) Transaction Processing Storage

(D) None of these

टी.पी.एस. का पूर्ण रूप क्या है ?

(A) ट्रांजैक्शन प्रोसेसिंग सिस्टम

(B) ट्रांजिट प्रोसेस सिस्टम

(C) ट्रांजैक्शन प्रोसेसिंग स्टोरेज

(D) इनमें से कोई नहीं

20. Which of the following is characteristics of computer ? 1

(A) Diligence (B) Storage

(C) Both (A) and (B) (D) None of the above

निम्न में से कौन सी विशेषता कम्प्यूटर की है ?

(A) परिश्रम (B) संग्रहण

(C) दोनों, (A) तथा (B) (D) इनमें से कोई नहीं

OR/अथवा

Commonly used accounting software is :

(A) Tally (B) Window (C) Easy books (D) Credit Manager

सामान्यत: प्रयुक्त होने वाला लेखांकन सॉफ्टवेयर है :

(A) टैली (B) विंडो (C) ईज़ी बुक्स (D) क्रेडिट मैनेजर

SECTION - B / खण्ड - ख

21. Complete the following statements. (**any two**) **2x1**

(i) Unsold goods are valued at cost price or market price, whichever is _____.

(ii) Convention of consistency states that the same accounting methods should be adopted every year for preparing _____ statements.

(iii) Sundry Creditors included in creditors for _____.

निम्न में से **किन्हीं दो** कथनों को पूर्ण कीजिए :

(i) अनबिके माल को लागत मूल्य अथवा बाज़ार मूल्य, दोनों में जो भी _____ हो, पर मूल्यांकित किया जाता है।

(ii) संगतता परिपाटी कहती है कि _____ विवरणों को बनाने हेतु प्रतिवर्ष समान लेखांकन विधियाँ अपनाई जानी चाहिएँ।

(iii) विविध लेनदारों में _____ हेतु लेनदार सम्मिलित होते हैं।

22. Match the following. (**any two**) **2x1**

(i)	Debtor	(a)	To whom money is owing
(ii)	Creditor	(b)	Cash or goods withdrawn for personal use
(iii)	Drawings	(c)	Who owes money

किन्हीं दो का मिलान कीजिए।

(i)	देनदार	(a)	जिसे ऋण चुकाया जाना है
(ii)	लेनदार	(b)	निजी उपयोग हेतु रोकड़ अथवा माल लेना
(iii)	आहरण	(c)	जो ऋणी है

23. Fill in the banks. (**Any one**) **2x1**

(i) The computerised accounting system is capable of offering _____ and _____ reporting.

(ii) _____ and _____ are the basic requirements of the computerised accounting system.

रिक्त स्थान भरिए। (**कोई एक**)

(i) _____ तथा _____ रिपोर्टिंग प्रदान करने में कम्प्यूटीकृत लेखांकन प्रणाली सक्षम है।

(ii) कम्प्यूटीकृत लेखांकन प्रणाली हेतु _____ तथा _____ मूल आवश्यकताएँ हैं।

24. Give one word answer for the following statements. (**any four**) **4x1**

(i) Under which concept, the business and its owners are two separate entities.

(ii) Give an example of tangible asset.

(iii) Excess of business expenses incurred over the business revenue.

(iv) The concept assumes that, business enterprise should not be closed down in the near future.

(v) Inflow of money from sale of goods.

(vi) Convention which helps in minimising errors in calculation.

निम्न में से **किन्हीं चार** कथनों हेतु एक-एक शब्द में उत्तर दीजिए।

(i) किस संकल्पना के अंतर्गत व्यवसाय तथा उसके स्वामी, दो पृथक इकाईयाँ हैं।

(ii) मूर्त संपत्ति का एक उदाहरण दीजिए।

(iii) व्यवसाय के आगम पर व्यवसाय के व्ययों का आधिक्य।

(iv) यह संकल्पना मानती है कि व्यवसाय निकट भविष्य में बंद होने वाला नहीं है।

(v) माल के बिक्रय से मुद्रा का अन्तर्वाह।

(vi) यह परिपाटी गणना में होने वाली त्रुटियों को न्यूनतम करने में सहायता करती है।

25. Write the two aspects (effects) of the following transactions. (**any four**) **4x1**

(i) Goods purchased for cash

(ii) Purchased furniture for cash

(iii) Rent paid

(iv) Sold goods to Haresh on Credit

(v) Withdrew cash for personal use

(vi) Interest received

निम्न में से **किन्हीं चार** लेनदेनों के दो पक्ष (प्रभाव) लिखिए।

(i) नकद माल खरीदा

(ii) नकद फ़र्नीचर खरीदा

(iii) किराया भुगतान किया

(iv) हरीश को उधार माल बेचा

(v) निजी उपयोग हेतु रोकड़ निकाला

(vi) ब्याज प्राप्त किया

26. Match the following. (**any four**) **4x1**

(a)	Assets	(i)	Increase is credited and decrease is debited
(b)	Cash voucher	(ii)	Record of small expenses
(c)	Liabilities	(iii)	Book of Original entry
(d)	Petty cash book	(iv)	Cash receipts and payments
(e)	Combined entry	(v)	Increase is debited and decrease is credited
(f)	Journal	(vi)	Contains more than one debit or Credit or both

निम्न में से **किन्ही चार** का मिलान कीजिए।

(a)	संपत्तियाँ	(i)	वृद्धि जमा होती है तथा कमी नाम होती है।
(b)	रोकड़ प्रमाणक	(ii)	लघु व्ययों का अभिलेख
(c)	देयताएँ	(iii)	मूल प्रविष्टि की बही
(d)	लघु रोकड़ बही	(iv)	रोकड़ प्राप्तियाँ एवं भुगतान
(e)	संयुक्त प्रविष्टि	(v)	वृद्धि नाम होती है तथा कमी जमा होती है
(f)	रोजनामचा	(vi)	इसमें एक से अधिक नाम अथवा जमा अथवा दोनों होते हैं।

27. Identify whether the following are personal accounts, Real accounts or nominal accounts. **4x1** (**any four**)

(i) Commission Received

(ii) M/s M.K. Agencies

(iii) Wages paid

(iv) Aditya Account

(v) Building A/c

(vi) Drawings Account

निम्न में से व्यक्तिगत खातों, वास्तविक खातों तथा नाम मात्र के खातों की पहचान कीजिए। (**किन्हीं चार**)

(i) कमीशन प्राप्त

(ii) मैसर्स एम.के. एजेंसीज़

(iii) मज़दूरी भुगतान की

(iv) आदित्य का खाता

(v) भवन खाता

(vi) आहरण खाता

28. Match the following. (**any four**) **4x1**

(a)	Capital	(i)	Raw-materials to be used
(b)	Interest on Capital	(ii)	Owner's Claim
(c)	Bills payable	(iii)	Creditors for loans
(d)	Bank loans	(iv)	Amount invested by owners
(e)	Wasting assets	(v)	Oil wells
(f)	Stock	(vi)	Liability

निम्न में से **किन्हीं चार** का मिलान कीजिए।

(a)	पूँजी	(i)	प्रयुक्त किया जाने वाला कच्चा माल
(b)	पूँजी पर ब्याज	(ii)	स्वामी का दावा
(c)	देय विपत्र	(iii)	ऋण हेतु लेनदार
(d)	बैंक ऋण	(iv)	स्वामियों द्वारा निवेशित धनराशि
(e)	क्षयी संपत्तियाँ	(v)	तेल के कुएँ
(f)	स्कंध	(vi)	देयता

29. State the following sentences True or False. (**any four**) **4x1**

(i) Computer is a device that accepts and stores data.

(ii) Magnetic disk is an output unit.

(iii) Accounting documents cannot be prepared through computer.

(iv) The full form of OLTP is Online Transaction Processing.

(v) Computer is an electronic device that can perform only limited operations.

(vi) The computerised accounting is one of the data based oriented applications.

निम्न में से **किन्हीं चार** वाक्यों को सत्य अथवा असत्य बताइए।

(i) कम्प्यूटर एक उपकरण है जो आँकड़े स्वीकार तथा संग्रहित करता है।

(ii) चुंबकीय चक्रिका एक निर्गत इकाई है।

(iii) कम्प्यूटर की सहायता से लेखांकन प्रलेख नहीं बनाये जा सकते।

(iv) OLTP का पूर्ण रूप ऑनलाइन ट्रांजैक्शन प्रोसेसिंग है।

(v) कम्प्यूटर एक इलैक्ट्रॉनिक उपकरण है जो केवल सीमित प्रचालन निष्पादित कर सकता है।

(vi) कम्प्यूटरीकृत लेखांकन, डाटा आधारित अभिविन्यस्त अनुप्रयोगों में से एक है।

SECTION - C / खण्ड - ग

30. What is meant by a "Bank Column cash Book" ? Draw the format of it. **2**

''बैंक स्तंभीय रोकड़ बही'' से क्या अभिप्राय है? इसका प्रारूप खींचिए।

OR/अथवा

Write the accounting technique of :

(a) Cash paid into the bank

(b) Dishonour of a cheque

निम्नलिखित की लेखांकन तकनीक लिखिए :

(a) बैंक में रोकड़ भुगतान

(b) चैक का अनादरण

31. State the advantages of double entry system. **2**

द्वि-अंकन प्रणाली के लाभ बताइए।

32. Explain the effects of complete ommission on the trial balance. 2

तलपट पर पूर्ण लोप के प्रभावों का वर्णन कीजिए।

OR/अथवा

Write any two limitations of a trial balance.

तलपट की कोई दो सीमाएँ लिखिए।

33. What are the factors affecting the depreciation ? 2

ह्रास को प्रभावित करने वाले कारक कौन-कौन से हैं ?

34. Write a short note on "Income statement". 2

'आय विवरण' पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

35. Explain the treatment of outstanding expenses in the financial statements with a suitable example. 2

एक उपयुक्त उदाहरण के साथ वित्तीय विवरणों में अदत्त व्ययों का व्यवहार समझाइए।

OR/अथवा

From the following information, prepare Balance sheet of M/s Nigam Traders as on 31.03.2023.

Capital	-	₹ 1,00,000
Building	-	₹ 75,000
Creditors	-	₹ 15,000
Debtors	-	₹ 12,000
Cash in hand	-	₹ 8,000
Cash at Bank	-	₹ 7,000
Net Profit	-	₹ 20,000
Investments	-	₹ 33,000

निम्नलिखित सूचनाओं से मैसर्स निगम ट्रेडर्स का 31.03.2023 का तुलन पत्र बनाइए।

पूँजी	-	₹ 1,00,000
भवन	-	₹ 75,000
लेनदार	-	₹ 15,000
देनदार	-	₹ 12,000
हस्तस्थ रोकड़	-	₹ 8,000
बैंकस्थ रोकड़	-	₹ 7,000
शुद्ध लाभ	-	₹ 20,000
निवेश	-	₹ 33,000

36. What are the steps followed for preparation of simple cash book. **3**

साधारण रोकड़ बही बनाने हेतु कौन-कौन से चरण अपनाए जाते हैं?

37. What is depreciation ? Write the various objectives of providing depreciation. **3**

ह्रास क्या है? ह्रास लगाने के विभिन्न उद्देश्य लिखिए।

OR/अथवा

What is diminishing balance method ? Explain its merits and demerits.

ह्रासित शेष विधि क्या है? इसके गुण एवं दोष समझाइए।

38. A plant is purchased for ₹ 1,00,000 on 1st April 2021. It is estimated that the residual value of the plant at the end of the working life of 10 years will be ₹ 20,000. Calculate the depreciation to be provided per year on Straight Line Method. You are also to show the plant account for 2 years. **3**

1 अप्रैल 2021को ₹ 1,00,000 का संयंत्र खरीदा। यह अनुमानित हुआ कि 10 वर्षों के कार्य जीवन के उपरांत इसका अवशिष्ट मूल्य ₹ 20,000 होगा। सरल रेखा विधि से प्रतिवर्ष लगाई जाने वाली ह्रास की राशि परिकलित कीजिए। दो वर्षों हेतु आप संयंत्र खाता भी दर्शाइए।

39. Discuss the errors not disclosed by the trial balance. **3**

तलपट द्वारा प्रकट न होने वाली त्रुटियों की चर्चा कीजिए।

40. Distinguish between 'Trading account' and 'Profit & Loss account'. **3**

'व्यापार खाता' एवं 'लाभ-हानि खाता' के बीच अंतर्भेद कीजिए।

41. What do you mean by financial statements ? State the objectives of preparing financial statements. **3**

वित्तिय विवरणों से आपका क्या अभिप्राय है? वित्तीय विवरण तैयार करने के उद्देश्य बताइए।

OR/अथवा

From the following balances of M/s National Traders prepare a Profit and Loss Account for the year ended 31st March 2023.

Credit balance of Trading A/c	-	₹ 1,25,000
Printing & Stationery	-	₹ 5,000
Freight outward	-	₹ 7,000
Salaries	-	₹ 21,000
Interest received	-	₹ 5,000
Discount allowed	-	₹ 7,000
General expenses	-	₹ 18,000
Salary outstanding as on 31.03.2023	-	₹ 5,000

मैसर्स नैशनल ट्रेडर्स के निम्नलिखित शेषों से 31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष हेतु लाभ-हानि खाता बनाइए।

व्यापार खाते का जमा शेष	-	₹ 1,25,000
मुद्रण एवं स्टेशनरी	-	₹ 5,000
भाड़ा जावक	-	₹ 7,000
वेतन	-	₹ 21,000
ब्याज प्राप्त	-	₹ 5,000
बट्टा प्रदान किया	-	₹ 7,000
सामान्य व्यय	-	₹ 18,000
31 मार्च 2023 को अदत्त वेतन	-	₹ 5,000

42. What is meant by Journal ? What are the purposes of preparing journal ? Draw a format of it. **5**

रोजनामचा से क्या तात्पर्य है? रोजनामचा बनाने के उद्देश्य कौन-कौन से है? इसका प्रारूप खींचिए।

OR/अथवा

Explain the modern classification of Accounts and their fundamental rules of debit & Credit.

खातों का आधुनिक वर्गीकरण तथा उनके नाम एवं जमा के मूलभूत नियम समझाइए।

43. What is trial balance ? Discuss the objectives of preparing a trial balance. **5**

तलपट क्या है? तलपट बनाने के उद्देश्यों की चर्चा कीजिए।

OR/अथवा

If the trial balance does not tally, it means there are some errors in books of accounts. State the procedure of locating errors.

यदि तलपट का मिलान न हो, तो इसका अर्थ है कि लेखा-पुस्तकों में कुछ त्रुटियाँ हैं। त्रुटियों का पता लगाने की कार्य विधि बताइए।

44. What do you mean by Position statement or Balance Sheet ? What are the objectives of preparing balance sheet ? Draw a proforma of Balance sheet. **5**

स्थिति विवरण अथवा तुलन पत्र से आपका क्या अभिप्राय है? स्थिति विवरण बनाने के उद्देश्य कौन-कौन से है? स्थिति विवरण का प्रारूप खींचिए।

45. From the following Trial Balance and adjustments prepare Trading and Profit & loss A/c for the year ended on 31.03.2023 and Balance sheet as on 31.03.2023. **5**

Debit Balances	₹	Credit Balances	₹
Purchases	17,000	Sales	17,500
Opening stock	1,250	Discount	1,275
Cash	1,500	Bills Payable	900
Building	10,600	Creditors	4,000
Salaries	1,650	Capital	13,000
Bills Receivable	800	Commission	800
Debtors	1,900	Dividend	525
Carriage and freight	500		
Rent & Taxes	600		
Wages	750		
General Expenses	1,000		
Insurance	450		
	38,000		**38,000**

Adjustments :

(i) Value of stock as on 31.03.2023 was ₹ 4,500

(ii) Wages outstanding ₹ 250

(iii) Insurance prepaid ₹ 50

(iv) Provide depreciation on Building @ 10%

निम्नलिखित तलपट तथा समायोजनाओं से 31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष का व्यापार तथा लाभ–हानि खाता तथा 31 मार्च 2023 का स्थिति विवरण बनाइए :

नाम शेष	₹	जमा शेष	₹
क्रय	17,000	विक्रय	17,500
प्रारंभिक स्कंध	1,250	बट्टा	1,275
रोकड़	1,500	देय विपत्र	900
भवन	10,600	लेनदार	4,000
वेतन	1,650	पूँजी	13,000
प्राप्य विपत्र	800	कमीशन	800
देनदार	1,900	लाभांश	525
भाड़ा एवं ढुलाई	500		
किराया एवं कर	600		
मज़दूरी	750		
सामान्य व्यय	1,000		
बीमा	450		
	38,000		**38,000**

समायोजनाएँ :

(i) 31.03.2023 को स्कंध का मूल्य ₹ 4,500 था।

(ii) अदत्त मज़दूरी ₹ 250

(iii) पूर्वदत्त बीमा ₹ 50

(iv) भवन पर 10% की दर से ह्रास लगाइए।

- o O o -